# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 27.03.2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे सम्पन्न 31वीं बैठक का संशोधित कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>मा0 कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री अन्नावि दिनेशकुमार**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>(प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 नीलम श्रीवास्तव**<br>आचार्य, आई0ई0टी0, लखनऊ<br>(कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 एस0के0 सिंह**<br>मा0 कुलपति, राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>रावतभाटा, रोड़, कोटा, राजस्थान | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **प्रो0 एस0पी0 चौरसिया**<br>एम0एन0आई0टी0,<br>जयपुर | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | **श्री नवनीत घिडिया**<br>एम0डी0 ईवा एक्जोटिका प्राईवेट लिमिटेड,<br>कोलकता | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0<br>कानपुर | सदस्य |
| 9. | **प्रो0 योगेश एम0 जोशी,**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | **प्रो0 शेखर वर्मा**<br>आचार्य, आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

P. Dixit

| | | |
|---|---|---|
| 11. | **श्री मनोज कुमार त्रिपाठी**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 12. | **डा0 मुरलीधर राम गुप्ता**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |
| 13. | **श्री एस0के0 कटियार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 14. | **प्रो0 ललित कुमार सिंह**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप | विशेष आमंत्री |
| 15. | **प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक**<br>अधिष्ठाता, सत्त शिक्षा एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 16. | **प्रो0 जी0एल0 देवनानी**<br>अधिष्ठाता,<br>स्कूल आफ केमिकल टेक्नॉलोजी | विशेष आमंत्री |
| 17. | **श्री ए0के0 सिंह**<br>रखरखाव अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 18. | **श्रीमती अंजू वर्मा**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में उ0प्र0 शासन द्वारा निम्नोक्त सदस्यों को नामित किया गया है।

1. **प्रो0 एस0के0 सिंह**
   मा0 कुलपति, राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय
   रावतभाटा, रोड़, कोटा, राजस्थान
2. **प्रो0 एस0पी0 चौरसिया**
   एम0एन0आई0टी0,
   जयपुर

P Dixit

3. **श्री नवनीत घिडिया**
   एम0डी0 ईवा एक्जोटिका प्राईवेट लिमिटेड,
   कोलकता
4. **श्री यादवेन्द्र सिंह**
   मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0
   कानपुर

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा कार्यपरिषद में सदस्य रूप में नामित उपरोक्त सदस्यों का कार्यपरिषद की बैठक में स्वागत किया गया।

उक्त के उपरान्त कार्यपरिषद की विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 19/11/2024 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में परिषद सदस्यों को अवगत कराया गया रिक्त शिक्षकों के पदों एवं परीक्षा नियंत्रक तथा मेडिकल आफीसर के पदों की सम्पन्न हो रही भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत 03 सहायक आचार्य तथा 01 चिकित्साधिकारी के पद के लिए लिखित परीक्षा दिनांक 30.03.2025 को निर्धारित है, तदोपरान्त 19–22 अप्रैल, 2025 को सभी विज्ञापित पदों के लिए साक्षात्कार कराये जायेंगे। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र (1973 बैच) श्री प्रमोद चन्द्र मेहनोत द्वारा फूड टेक्नोलाजी विभाग और PACT (Paint and Coating Technologists Association) द्वारा पेंट टेक्नोलाजी विभाग में लगभग 01 करोड़ की लागत से सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना की जा रही है। वर्ष 2024–25 में कतिपय विनियोजनों को छोड़कर विश्वविद्यालय ने अपने व्यय को स्वीकृत बजट के अनुसार प्रबंधित किया है। कार्य परिषद के अनुमोदनार्थ वर्तमान बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट प्रस्तुत किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अपनी शैक्षणिक गतिविधियाँ तय कार्यक्रम के अनुसार संचालित की जा रही हैं। कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग हेतु 06 हॉल/क्लास रूम, छात्रों हेतु 100 सीटेड छात्रावास, फार्मा लैब और हाइड्रोलिक्स लैब एवं क्वाटर्स, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेतु साक्षात्कार कक्ष आदि का निर्माण/रखरखाव कार्य प्रगति पर है। बैडमिंटन हॉल का निर्माण अगले वर्ष करने की योजना है। वर्तमान शैक्षिक सत्र में अन्तिम वर्ष के छात्रों की सेवायोजन गतिविधियॉ जारी हैं, अद्यतन 110 कम्पनियों द्वारा विश्वविद्यालय कैम्पस भ्रमण किया गया है तथा कम्पनियों द्वारा 750 (6.0 CGPA) अर्ह छात्रों में से 500 छात्रों को सेवायोजित किया जा चुका है। शैक्षिक

VDixit

परिषद द्वारा नए पीजी पाठ्यक्रम यथा M.Tech in Structure, M.Tech. in Signal Processing & Machine Learning, M.Sc. in Biochemistry & M.Sc. in Biotechnology प्रारम्भ किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रगति आख्या के पश्चात कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में प्रो0 जी0एल0 देवनानी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में लेदर टेक0 विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निम्नोक्त सुझाव प्रदान किया गयाः

1. कानपुर नगर के आस–पास स्थित लेदर इन्डस्ट्रीज से रिसोर्स परसन्स को आमंत्रित कर उनसे विभाग में विजीटिंग फैक्लटी के रूप में लेक्चर करवायें जायें। इससे विधा के विद्यार्थियों में उत्साह एवं विश्वास जागृत होगा।

प्रस्तुतिकरण के उपरान्त 31वीं कार्य परिषद की बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 31.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 19.11.2024 को सम्पन्न 30वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

दिनांक 19.11.2024 को सम्पन्न कार्य परिषद की 30वीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 सदस्यों की टीकाओं हेतु प्रेषित किया गया था। कोई टीकाएं प्राप्त नहीं हुयी हैं। अतः, कार्यपरिषद द्वारा 30वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 31.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 19.11.2024 को सम्पन्न 30वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्यपरिषद की दिनांक 19.11.2024 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर मा0 सदस्यों की कोई टीकाएं प्राप्त नहीं हुयी हैं। कार्य परिषद ने दिनांक

PDixit

19.11.2024 को सम्पन्न कार्य परिषद की 30वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतोष व्यक्त करते हुए निम्न निर्देश प्रदान किये गये:

1. कार्य परिषद की दिनांक 19/11/2024 को सम्पन्न 30वीं बैठक में सम्पन्न बायो–केमिकल इंजी0 विभाग के प्रजेन्टेशन में क्रम में प्राप्त सुझावों में सुझाव क्रमांक 1, 2 तथा 4 के अनुसार कार्यवाही हेतु अन्य समस्त विभागों को भी निर्देशित किया जाए।
2. इन सुझावों के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही का फीड बैक मासिक आधार पर प्राप्त किया जाए।

**मद सं0 31.03 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 10/03/2025 को सम्पन्न 23वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 10.03.2025 को सम्पन्न 23वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 31.04 विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 03/02/2025 को सम्पन्न 26वीं बैठक एवं दिनांक 10/03/2025 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्तों पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 03/02/2025 को सम्पन्न 26वीं बैठक एवं दिनांक 10/03/2025 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय की आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु उद्योगों/पूर्व छात्रों से भी सहायता प्राप्त किये जाने के प्रयास किये जाएं।

**मद सं0 31.05 सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध आउटसोर्स कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक दरों में वृद्धि के प्रकरण पर विचार।**

कार्य परिषद के सम्मुख प्रस्तुत निम्नोक्त प्रस्तावित पारिश्रमिक पर कार्य परिषद द्वारा इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि उ0प्र0

VDixit

सरकार स्तर से प्रस्तावित उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के उपरान्त निगम द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक एवं अन्य सेवाशर्ते मान्य होंगी।

| Sl. No. | Category | Daily wages | Total working days | Monthly Wages | EPF | ESI | Total Duty Salary | EPF | ESI | Cash in Hand |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Employer Share @13% | Employer Share @3.25% | | Employee Share @12% | Employee Share @0.75% | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Unskilled | 496.27 | 26 | 12903.02 | 1677.39 | 419.35 | **14999.76** | 1548.36 | 96.77 | **11257.88** |
| 2 | Semi-Skilled | 670.50 | 26 | 17433.00 | 00 | 566.57 | **17999.57** | 00 | 130.75 | **17302.25** |
| 3 | Skilled | 745.00 | 26 | 19370.00 | 00 | 629.52 | **19999.53** | 00 | 145.28 | **19224.73** |

कार्यपरिषद द्वारा यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि उपरोक्त पारिश्रमिक की वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक के समतुल्य रहे अर्थात उससे न्यून न हो। संशोधित दरें 01 अप्रैल, 2025 से लागू होंगी।

**मद सं0 31.06 विश्वविद्यालय मे कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को वर्दी/वर्दी नवीनकरण/वर्दी धुलाई भत्ता अनुमन्य करने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा शासन के पत्र संख्या पत्र संख्या 1/860515/2025/16—3099/ 206/2023/Part-1 दिनांक 23/01/2025 के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्राप्त सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग—2, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 64/2024/1656/18—2—2024—18—2099/ 246/2022 दिनांक 17/12/2024 को विश्वविद्यालय में अंगीकृत करने एवं शासनादेशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि विश्वविद्यालय के नियमित चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों एवं वाहन चालकों से इस आशय का एक शपथ पत्र प्राप्त कर लिया जाए कि वे ड्यूटी के दौरान वर्दी पहनना सुनिश्चित करेंगे।

V Dixit

**मद सं0 31.07 विश्वविद्यालय में ''पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना'' लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा ''पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना'' को विश्वविद्यालय के कार्मिकों हेतु लागू किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी

**मद सं0 31.08 मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 31.08.01 विश्वविद्यालय में आउटसोर्स के आधार पर कार्यरत वाहन चालकों को मुख्यालय के बाहर रहने पर भत्ता प्रदान करने पर विचार।**

विश्वविद्यालय में आउटसोर्स वाहन चालकों को विश्वविद्यालय कार्य से गाडी सहित मुख्यालय से बाहर रहने पर उसके प्रतिदिन के पारिश्रमिक के अतिरिक्त रू0 400/– (चार सौ मात्र) प्रतिदिन भत्ता अनुमन्य होगा जो एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम रू0 10000/– (रूपया दस हजार) होगा। उक्त पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। यह भत्ता 01 अप्रैल, 2025 से अनुमन्य होगा।

**मद सं0 31.08.02 विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में कानपुर के उद्योगपति तथा चिकित्सा क्षेत्र में काम करने वाले महानुभावों की सहायता से एक डिस्पेन्सरी खोले जाने पर विचार।**

कार्य परिषद के सम्मुख प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि इस सम्बन्ध में एक समग्र एवं विस्तृत प्रस्ताव कार्य परिषद की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुयी।

P Dixit

for **(अंजू वर्मा)**
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः 123/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–31वीं कार्यवृत्त(1)/2025 दिनांकः16/04/2025

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव

P Dixit